# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–02.12.2024 (संध्या 1900 बजे)

## मुख्य समाचार

- हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल के गठन को लेकर इंडिया गठबंधन में मंथन का दौर जारी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की आज दिल्ली में शीर्ष नेताओं से होगी बातचीत।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विभिन्न विभागों के सचिवों के साथ की बैठक, 2024–25 के अनुपूरक बजट की तैयारियों की समीक्षा की।
- पीएमएलए की विशेष अदालत में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित।
- रांची समेत राज्य भर में चक्रवाती तूफान फेंजल का अगले दो दिन जारी रहेगा असर, मौसम विभाग के अनुसार चार दिसंबर के बाद तापमान में आयेगी गिरावट, बढ़ेगी कनकनी।
- अंडर– 20 राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम में ट्रायल के लिए गुमला की विकसित बाड़ा को आमंत्रण।

***************

हेमंत सोरेन सरकार के नए मंत्रिमंडल के गठन को लेकर इंडिया गठबंधन में मंथन का दौर अभी जारी है। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस में आम सहमति नहीं होने के कारण अब तक मंत्रिमंडल का गठन नहीं हो सका है। मंत्रियों के नामों पर अंतिम निर्णय के लिए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश शनिवार से ही दिल्ली में हैं। इस मसले पर आज देर शाम उनकी पार्टी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की संभावना है। इस बीच पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता जगदीश साहू ने कहा कि विधानसभा सत्र से पहले एक संतुलित मंत्रिमंडल का गठन हो जायेगा

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में सभी विभागों के प्रधान सचिवों और सचिवों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2024–25 के अनुपूरक बजट की तैयारियों की समीक्षा की। इसके साथ ही बजट से अलग शुरु की गयी नयी योजनाओं के अतिरिक्त वित्तीय बोझ की भरपाई पर भी श्री सोरेन ने चर्चा की।

***************

टेंडर घोटाले के जरिए करोड़ों रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की डिस्चार्ज पिटीशन पर रांची स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में सुनवाई पूरी हो गई है। इस मामले में अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

***************

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जन शिकायतों के निवारण के लिए एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया। यह नंबर 9430328080 है। रांची के उपायुक्त ने कहा कि इस पहल के जरिये जनसमस्याओं पर जिला प्रशासन की नजर रहेगी। इससे समस्याओं का त्वरित निष्पादन में मदद मिलेगी।

***************

धनबाद रेल मंडल ने अप्रैल से नवंबर तक सबसे अधिक माल ढुलाई कर देश में सबसे कमाऊ रेल मंडल का दर्जा प्राप्त किया है। डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने बताया कि धनबाद रेल मंडल आय के मामले में देश का सर्वश्रेष्ठ रेल मंडल बने रहने में कामयाबी हासिल की है।

***************

पलामू में पुलिस को अपराधियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र से सुजीत सिन्हा गिरोह के छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किये गये हैं।

***************

इधर, राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई एक हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि दुर्गा पूजा के दौरान युवक की पीट–पीट कर की हत्या कर दी गयी थी। रांची के

नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने कहा कि इस मामले में तीन अन्य अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

***************

उधर, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की पाइप लाइन से तेल चोरी करने के मामले में जामताड़ा पुलिस ने सरगना समेत दो अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

***************

झारखंड और बिहार के उत्पाद विभाग की टीम ने संयुक्त रुप से गिरिडीह जिले के थानसिंहडीह की काली पहाड़ी में अवैध शराब फैक्टरी का उदभेदन किया है। छापेमारी में 8 हजार 600 किलो जावा महुआ और 350 लीटर शराब जब्त की गयी है। इस दौरान शराब बनाने की सामग्रियों को भी नष्ट किया गया है।

***************

केन्द्र सरकार ने निक्षय पोषण योजना की राशि दोगुनी कर दी है। पलामू में इस योजना का लाभ 83 तपेदिक रोगियों को मिलेगा। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

***************

आज राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस है। इस मौके पर रांची में झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद और वन विभाग के सहयोग से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभागीय पदाधिकारियों और अन्य प्रबुद्धजनों के अलावा बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने भी हिस्सा लिया।

***************

रांची समेत राज्य भर में अगले दो दिनों तक चक्रवाती तूफान फेंजल का आंशिक असर रहेगा। आसमान में बादल छाये रहेंगे लेकिन रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि चक्रवाती तूफान का असर चार दिसंबर तक रहेगा। इसके  बाद तापमान में लगातार गिरावट आयेगी, जिससे ठंड बढ़ेगी।

***************

ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन– एआईएफएफ द्वारा अंडर 20 राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम के चयन को लेकर 09 दिसंबर को कर्नाटक के बंगलोर शहर में ट्रायल आयोजित किया गया है। इसमें शामिल होने के लिए झारखंड खेल विभाग द्वारा संचालित आवासीय बालिका प्रशिक्षण केंद्र, गुमला की प्रशिक्षु विकसित बाड़ा को आमंत्रित किया गया है। चयन प्रतियोगिता में देश भर के 38 खिलाड़ियों को आमन्त्रित किया गया है।

*******समाप्त*******